Phone: 0551-6450130

Mahatma Gandhi Post Graduate College

Gorakhpur-273 001

e-mail: mgpg_gkp@rediffmail.com, Website: www.mgpgc.in

दिनाँक : 14.12.2022

प्रकाशनार्थ

महात्मा गाँधी पी.जी.कालेज में अभिभावक–शिक्षक सम्मेलन का शुभारम्भ

आज दिनाँक 14.12.2022 को 'आन्तरिक गुणवत्ता समन्वयन प्रकोष्ठ'के तत्वाधान में अभिभावक–अध्यापक एसोसिएशन का शुभारम्भ एवं सम्मेलन महात्मा गाँधी पी0जी0 कालेज, गोरखपुर में किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्रबन्धक श्री मंकेश्वर नाथ पाण्डेंय,, प्राचार्य, प्रो0 अनिल सिंह, प्रो0 नमिता कुमार, निदेशक, आई.क्यू.ए.सी एवं अन्य विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण तथा अभिभावकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ने किया एवं इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ0 शैलेन्द्र कुमार ने किया। मंचासीन पदाधिकारियों ने कार्यक्रम का उद्घाटन माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एव दीप प्रज्जवलन से किया।

अपने उद्बोधन में श्री मंकेश्वर नाथ पाण्डेंय, प्रबन्धक ने बताया कि वर्ष 1909 से नेशलन एजूकेशनल सोसाइटी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र कार्यरत है जिसके अर्न्तगत यह महाविद्यालय कार्य करता है। यह पूर्वान्चल का गरिमामय महाविद्यालय है, जहाँ पर विज्ञान वर्ग के साथ ही साथ गृहविज्ञान, वाणिज्य संकाय, मनोविज्ञान, एवं अन्य विषयों की पढ़ाई होती है। उन्होंने विस्तारपूर्वक कालेज के विषय में जानकारी दी तथा अभिभावको का परिचय लिया।

आई.क्यू.ए.सी. निदेशक प्रो0 नमिता कुमार ने अभिभवकों को शिक्षक अभिभावक संघ हेतु पंजीकृत होने के लिए तथा अधिकाधिक संख्या में भाग लेने बधाई दी तथा भविष्य में भी ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा की।

तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में अनुशासन, समय प्रबन्धन, आई.कार्ड, ड्रेस कोड व फोन का उचित उपयोग पर बल दिया।

कार्यक्रम में अभिभावकों को फीड बैक हेतु फार्म वितरित किये गये, जिसमें उनकी स्वतंत्र राय माँगी गई, जिससे कि महाविद्यालय का विकास उनके सुझावों के अनुरूप किया जा सके।

अन्त में डॉ0 शैलेन्द्र कुमार ने सभी आगंतुको का धन्यवाद ज्ञापन किया।

14.12.22

प्रो0 (अनिल कुमार सिंह)
प्राचार्य